## बक्सर और बलिया के बीच होगी बेहतर कनेक्टिविटी

# दीदारगंज से करजान तक का स्टेट हाइवे होगा फोरलेन

**एसएच-106**

**संवाददाता, पटना**

बक्सर जिला में एनएच-84 से उत्तर प्रदेश के बलिया जिला के बीच सड़क कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए गंगा नदी पर बने जनेश्वर मिश्रा पुल का एप्रोच रोड बनाने का काम बरसात बाद शुरू होगा. साथ ही 2026 में निर्माण पूरा होने की संभावना है. इस एप्रोच रोड के बनने से पटना से बक्सर होकर उत्तर प्रदेश के बलिया और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की तरफ जाने और उस तरफ से आने की बेहतर कनेक्टिविटी हो सकेगी. इसके साथ ही एसएच-106 दीदारगंज-फतुहा-बख्यिारपुर-करजान सड़क की चौड़ाई दो लेन से बढ़ाकर फोरलेन की जायेगी. निर्माण कार्य शुरू होने के 24 महीने की तय समयसीमा में यह परियोजना पूरी होगी.

## जनेश्वर मिश्रा पुल का बनेगा एप्रोच रोड

दोनों सड़कों के त्वरित निर्माण के लिए हाल ही में प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया था. इसके बाद राज्य सरकार ने बक्सर ज़िला में एनएच-84 से उत्तर प्रदेश के बलिया जिला को जोड़ने वाले गंगा नदी पर निर्मित जनेश्वर मिश्रा पुल के एप्रोच रोड को बनाने के लिए करीब 386.76 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी है. वहीं एसएच-106 दीदारगंज-फतुहा-बख्यिारपुर-करजान सड़क की चौड़ाई फोरलेन यानी सात मीटर से बढ़ाकर 14 मीटर करने के लिए करीब 1065.53 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी है. इस सड़क की लंबाई करीब 34 किमी है. इस सड़क के बनने से आसपास के दियारा इलाके लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सकेगी. साथ ही पटना से बख्तियारपुर जाने के लिए एक विकल्प मिल सकेगा.

## 2014 से था एप्रोच का इंतजार

गंगा नदी पर जनेश्वर मिश्रा पुल का करीब 2.8 किमी लंबाई में वर्ष 2014 में निर्माण हुआ था. उसके बाद से जमीन अधिग्रहण को लेकर किसानों के साथ समस्याओं के कारण इसका एप्रोच रोड निर्माण पूरा नहीं हुआ. अब जमीन अधिग्रहण की समस्याओं के समाधान के बाद बक्सर जिले की तरफ से एप्रोच रोड बनाने का काम शुरू होगा. इस एप्रोच रोड के बनने से आसपास के करीब 50 हजार लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सकेगी.